दिनांक 07.09.2024 को कृषि निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित परम्परागत कृषि विकास योजना के कियान्वयन के सम्बन्ध में सपोर्ट एजेन्सी एवं रिजनल काउन्सिल के चयन हेतु प्री–बिड बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 07.09.2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में परम्परागत कृषि विकास योजना के कियान्वयन हेतु सपोर्ट एजेन्सी एवं रिजनल काउन्सिल के चयन हेतु पूर्व में निर्धारित प्री–बिड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 25 एजेन्सियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया, जिसका कार्यवृत्त निम्न प्रकार है– **(उपस्थिति संलग्न है।)**

सर्वप्रथम संयुक्त कृषि निदेशक (जैविक), कृषि निदेशालय, देहरादून द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उत्तराखण्ड में जैविक परिदृश्य पर चर्चा की तथा अवगत कराया गया कि एजेन्सियों को नीति आयोग के दर्पण पोर्टल तथा राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र में सपोर्ट एजेन्सी एवं रिजनल काउन्सिल के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

01 फर्मो द्वारा ऑफलाईन के साथ–साथ ऑनलाईन ई–मेल के माध्यम से भी प्रपत्रों को स्वीकार करने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर विचार विमर्श उपरान्त स्वय के जोखिम पर यदि फर्मे चाहे तो Password Protected E-Mail के माध्यम से भी प्रेषित कर सकती है। लेकिन ऑफलाईन प्रपत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

02 FORD संस्था द्वारा टर्नओवर औसत वार्षिक 01 करोड से कम करने का अनुरोध किया गया जिस पर उपस्थित सदस्यों द्वारा इससे कम टर्नओवर न किये जाने की सहमति दी गयी तथा कहा गया कि टर्नओवर कम से कम 01 करोड रहे।

03 उम्मीद संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि मेरी संस्था के पास डायरेक्ट पी0के0वी0वाई0 का क्षेत्र अनुभव नहीं है। जिसके कारण मुझे सीधे पी0के0वी0वाई0 के क्षेत्र अनुभव से छुट दी जाये। जिस पर सदस्यों द्वारा असहमति व्यक्त की गयी।

04 श्री राम सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शंस प्रा0ली0 ने वित्तीय एवं भुगतान के सम्बन्ध में जानकारी जाही जिस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि पी0के0वी0वाई0 गाईड लाईन के अनुसार वित्तीय ब्रेकअप रहने एवं उपलब्धता के अनुसार भुगतान से अवगत कराया गया।

निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि कलस्टर का एफ0पी0ओ0 बना कर योजना उपरान्त उसे स्वय जैविक में अभिरूच पैदा करनी होगी तथा सटीफिकेशन की योग्य एफ0पी0ओ0 को तैयार करना होगा

अन्त में धन्यवाद के साथ बैठक का समापन किया गया।

(के0सी0पाठक),
कृषि निदेशक,
उत्तराखण्ड।

कृषि निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक :– कृ0नि0/ 3230 /जैविक/PKVY/ बैठक कार्यवृत्त /2024–25/ दिनांक :– 09 / 09/2024

प्रतिलिपि :– समस्त उपस्थित एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कृषि निदेशक,
उत्तराखण्ड।